(viii) Industries have been asked to comply with consent requiremnts of the State Pollution Control Boards.

(ix) Public awareness campaigns are being carried out from time to time to educate people about statutory punitive provisions and the health hazards related to vehicular pbllution.

"केयर फार एनवायरनमेंट" अनुभाग की स्थापना

5439. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "केयर फार एनवायरनमेंट" नामक एक अलग अनुभाग स्थापित किए जाने के क्या कारण हैं जबकि राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय पहले से ही एक पूर्णत : सक्षम और स्थाई संस्था के रूप में कार्य कर रहा है ;

(ख) इस अनुभाग के कार्यों का ब्यौरा क्या है और इस पर प्रतिवर्ष कितनी धनराशि व्यय की जाती है ; और

(ग) इसकी स्थापना किए जाने के बाद देश को क्या पर्यावरणीय लाभ मिल रहे हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) "केयर फार दि इनवायरनमेंट कन्टेस्ट" की परियोजनाओं को क्रियान्वित हेतु किसी पृथक अनुभाग की स्थापना नहीं की गई थी । राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय को विभिन्न श्रेणियों की लगभग दो लाख प्रविष्टियों वाली उक्त प्रतियोगिता को हैंडल करने के लिए केवल सीमित परियोजना स्टाफ ही स्वीकृत किया गया था ।

(ख) परियोजना स्टाफ की आवश्यकता इस प्रतियोगिता से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्यों अर्थात विज्ञापन प्रतियोगिता संचालन तथा सृजित पश्चातवर्ती सामग्री का उपयोग को करने के लिए थी । इस परियोजना पर किया गया व्यय निम्नवत् रहा :—

वर्ष	धनराशि (रुपए)
1992–93	7,60,557.26
1993–94	11,86,644.50
1994–95	2,45,328.50

(ग) परियोजना में काफी जन भागीदारी रही और इसमें 2 लाख से भी अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई । परियोजना द्वारा निर्मित समृद्ध दृश्य और श्रव्य संसाधन सामग्री का उपयोग स्कूलों, कालेजों, अध्यापकों और आम लोगों में पर्यावरणीय जागरूकता के संदेशों के प्रचार प्रसार में किया जा रहा है ।

गंगा सफाई परियोजना के अंतर्गत लोगों की भागीदारी

5440. चौधरी हरमोहन सिंह :
श्री आस मोहम्मद :

क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गंगा सफाई परियोजना के अंतर्गत लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देकर प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई उपाय कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ वर्षवार कितनी-कितनी सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है ।

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) गंगा कार्य योजना कार्यक्रमों की सफलता के लिए जन-भागी-